पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने जन भवन परिसर में 'गंगासागर नमो नमः' परियोजना का लोकार्पण किया

## आरती स्थल पर गंगासागर में गंगाजल अर्पित किया तथा आरती की

**लखनऊ : 17 सितम्बर, 2026**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां जन भवन परिसर में 'गंगासागर नमो नमः' परियोजना का लोकार्पण किया।

लोकार्पण के उपरान्त राज्यपाल जी, मुख्यमंत्री जी, उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य व श्री ब्रजेश पाठक ने 'गंगासागर नमो नमः' परियोजना के विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया। उन्होंने भ्रमण के दौरान परियोजना के निर्माण एवं उसकी विभिन्न विशेषताओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल जी एवं मुख्यमंत्री जी ने शिव डमरू फाउण्टेन के समीप आरती स्थल पर गंगासागर में गंगाजल अर्पित किया तथा आरती की।

आदर्श माध्यमिक विद्यालय जन भवन विद्यालय के छात्र–छात्राओं तथा राजकीय बाल गृह (बालिका) सिंधी खेड़ा की बालिकाओं द्वारा माँ गंगा एवं भगवान शिव पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए। इसके पूर्व, राजकीय बाल गृह (बालिका) सिंधी खेड़ा की बालिकाओं ने मुख्यमंत्री जी तथा उप मुख्यमंत्री द्वय को राखी बांधी।

ज्ञातव्य है कि 'गंगासागर नमो नमः' परियोजना 'गंगोत्री से गंगासागर' तक माँ गंगा की यात्रा को एक ही परिसर में साकार करती है। इसमें कैलाश पर्वत और मानसरोवर से प्रारम्भ होकर गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, प्रयागराज के त्रिवेणी संगम, काशी के घाटों और गंगासागर तक की यात्रा को प्रस्तुत किया गया है। परियोजना में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम और काशी के घाटों को विशेष रूप से दर्शाया गया है। प्रयागराज और काशी उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक पहचान के दो महत्वपूर्ण केन्द्र हैं। परियोजना में जल, प्रकाश, ध्वनि, कला और आधुनिक तकनीक का सुन्दर संयोजन किया गया है।

इस अवसर पर शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

———————